(ख) यदि हां, तो ऐसे कौन से कारण थे जिनकी वजह से सरकार को ऐसा निर्णय लेना पड़ा और इस निर्णय का उनके मंत्रालय पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

उद्योग मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त): (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

बिहार में प्रधान मंत्री रोजगार योजना के अन्तर्गत प्राप्त आवेदन-पत्र

1258. **श्री ईश दत्त यादव:** क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1996-97 में बिहार राज्य में प्रधान मंत्री रोजगार योजना के अंतर्गत शिक्षित बेरोजगार युवकों से 1996-97 के दौरान स्व-रोजगार हेतु कितने आवेदन-पत्र प्राप्त हुए और कितने आवेदन-पत्र स्वीकृत किए गए;

(ख) क्या इस योजना के अन्तर्गत ऋण स्वीकृत किए जाने के मामले में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच भेदभाव किया जा रहा है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) गत वर्ष के दौरान इस योजना के अन्तर्गत बिहार के लिए अधिकतम कितनी ऋण-राशि स्वीकृत की गई; और

(ङ) वर्ष 1998-99 में कितनी ऋण-राशि स्वीकृत करने का लक्ष्य रखा गया है?

उद्योग मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त): (क) राज्य सरकार से प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार प्रधान मंत्री रोजगार योजना के अन्तर्गत शिक्षित बेरोजगार युवकों से स्व-रोजगार के लिए जिला उद्योग केन्द्रों में 58,714 आवेदन प्राप्त हुये थे तथा वर्ष 1996-97 के दौरान बिहार राज्य में बैंकों द्वारा 18,818 आवेदन स्वीकृत किये गये थे।

(ख) और (ग) ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के बीच ऋण आवेदनों को स्वीकृत करने में बैंकों द्वारा दर्शाए गए भेद-भाव के बारे में कोई रिपोर्ट नहीं है, जैसा कि भारतीय रिजर्व बैंक ने सूचित किया है।

(घ) बिहार राज्य सरकार से प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार 1997-98 के दौरान राज्य में स्वीकृत किया गया औसत ऋण लगभग 80,000/- रु० है। इस योजना के अन्तर्गत 1 लाख रु० तक की लागत वाली परियोजना आती है।

(ङ) वर्ष 1998-99 के लिये बिहार का प्रस्तावित लक्ष्य 20,500 लाभार्थी हैं।

Growth Centre in Assam

1259. DR. ARUN KUMAR SARMA: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) the number of growth centre, to be set up in Assam;

(b) the amount allocated and location finalised; and

(c) the progress of work?

THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI SIKANDER BAKHT): (a) to (c) Three Growth Centres have been allotted to the State of Assam. Of these, two Growth Centres i.e. Chariduar (district Sonitput) and Matia (district Goalpara) were approved in 1997. The State Government is yet to submit a project report in respect of the third Growth Centre where a change in site for the Growth Centre is contemplated by the State Government.

The progress made in respect of the approved growth centres upto 31st March, 1998, is as under:—

(Rs. in lakhs)

Name of growth centre	Central releases	State release	Total Expenditure
Chariduar	50.00	05.00	17.00
Matia	50.00	Nil	15.00

Loans to SC/ST under PMRY

1260. SHRI MOHINDAR SINGH KALYAN: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) how many persons belonging to SC/ST community have been provided with loans under the PM Rojgar Yojana; and

(b) how many persons belonging to SC/ST community doing the work of scavengers have been rehabilitated during the current financial year?